# जोशीमठ भू-धंसावः राहत एवं पुनर्वास के लिए एसबीआई ने 2 करोड़ का चेक सौंपा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ में भू-धंसाव वाले क्षेत्र से विस्थापित लोगों के राहत और पुनर्वास के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा गुरुवार को उत्तराखंड राज्य आपदा राहत कोष में 02 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में भारतीय स्टेट बैंक नई दिल्ली मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक कल्पेश अवासिया ने मुलाकात कर 02 करोड़ रुपये का चेक सौंपा।

मुख्यमंत्री ने प्रभावितों की सहायता के लिए इस सहयोग राशि के लिए भारतीय स्टेट बैंक का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के चिन्हित चार वाइब्रेंट विलेज माणा, नीति,



मलारी एवं गूंजी में अवस्थापना विकास से संबंधित अनेक कार्य किये जाने हैं। इसके लिए भी उन्होंने एसबीआई से सहयोग की अपेक्षा की। कल्पेश अवासिया ने कहा कि एसबीआई सामाजिक जिम्मेदारियों के अन्तर्गत समाज में जागरूकता फैलाने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के लिए समय-समय पर समाज के विभिन्न स्तरों पर आर्थिक सहयोग प्रदान करता रहता है। भविष्य में भी राज्य की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में योगदान देता रहेगा।

## रुड़कीः मुख्यमंत्री ने जिला कार्यालय का किया भूमि पूजन

**रुड़की/टीम एक्शन इंडिया**
मंगलौर रोड पर बिझोली गांव के पास मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को भाजपा के जिला कार्यालय का भूमि पूजन किया। मौके पर सांसद रमेश पोखरियाल निशंक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक प्रदीप बत्रा सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। भूमि पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा आम लोगों के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई गई हैं जिनका लाभ जनता को मिल रहा है।

## भविष्य के चैम्पियन्स को सक्षम बनाने के लिए खेल संस्कृति के निर्माण का महत्वाकांक्षी कदम

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**
भारत का सबसे बड़ा तकनीक-सक्षम मल्टी-स्पोर्ट स्कूल प्रतियोगिता प्लेटफार्म स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) खेल खेलने की खुशी फैला रहा है। भारत के जमीनी स्तर के खेलों में क्रांति लाने वाली एसएफए चैम्पियनशिप्स देश की सबसे बड़ी स्कूल स्तर की प्रतियोगिता है जो खुशनुमा और प्रेरक खेल अनुभवों के जरिए युवाओं को उनकी क्षमताओं को उजागर करने का अवसर प्रदान करती है। एसएफए की शुरूआत 2015 में हुई और तब से लेकर आज तक इस चौम्पियनशिप में 4,000 स्कूलों 2 लाख से ज्यादा एथलीटों ने हिस्सा लिया है। 2022 में देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, नैनीताल और उत्तराखंड के दूसरे शहरों से 400 से ज्यादा स्कूलों के करीबन 9000 छात्रों ने एसएफए चौम्पियनशिप्स में भाग लिया। 64 स्वर्ण पदक जीतकर महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज ने बढ़त हासिल की। उनके बाद देहरादून के पतंजलि गुरुकुलम और शिवालिक अकादमी ने अपने स्थान बनाए। एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कबड्डी और बास्केटबॉल जैसे विभिन्न खेलों में क्षेत्र भर के स्कूलों के कई युवा एथलीटों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मैडल जीते। स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) के ऋषिकेश जोशी और विश्वास चोक्सी ने कहा कि आज हमारे देश में स्कूल स्तर पर खेलों की ओर देखने के नजरिये में क्रांतिकारी परिवर्तन लाना हमारा उद्देश्य है। खेलों को सीखने और खेलने का मौका सभी को दिलाने और भविष्य के चौम्पियन्स को सक्षम बनाने के लिए हम जमीनी स्तर पर खेलों को नए मायनें देने के लिए प्रयासशील हैं। कई अलगअलग खेलों में प्रतिभा की खोज मात्र एक बटन के क्लिक पर की जा सकें इसके लिए एसएफए चैम्पियनशिप्स एक यूनिफाइंग प्लेटफार्म का निर्माण कर रहा है। अगले पांच सालों में 50 शहरों में 150 चैम्पियनशिप्स का आयोजन करना हमारा लक्ष्य है। स्कूल खेलों को केन्द्र स्तर पर ले जाते हुए, हम चाहते हैं कि हर हितधारक इस अवसर की विशालता का लाभ उठा सकें। देहरादून में एसएफए चौम्पियनशिप्स का यह तीसरा साल है। 2023 में मात्र 4 महीनों में 10 एसएफए चैम्पियनशिप्स का आयोजन करके 2,00,000 से ज्यादा एथलीटों को 30 से 40 अलगअलग खेलों में भाग लेने का अवसर देना हमारा लक्ष्य है। भारत के खेलों में नंबर वन स्कूल की खोज करना हमारा मिशन है। भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ इम्पैनल्ड एसएफए भारतीय ओलिंपिक संघ के तहत भारतीय टीम के आधिकारिक भागीदार हैं और अगले पांच एडिशन्स तक (2028 तक) खेलो इंडिया यूथ गेम्स के प्रायोजक है।

# कांवड़ मेले को लेकर हटाया अतिक्रमण

**पुलिस ने नीलकंठ महादेव मंदिर क्षेत्र में दुकानों, फड़-फेरी वालों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
कांवड़ मेला 2023 के दृष्टिगत नीलकण्ठ क्षेत्र में पुलिस ने संबंधित विभागों के साथ सड़कों के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस ने नीलकंठ महादेव मंदिर क्षेत्र में सड़क किनारे दुकानों, फड़-फेरी वालों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया। पुलिस ने नीलकण्ठ महादेव मंदिर से जिला पंचायत बैरियर तक सड़क किनारे



निर्माण किए गए 15 अवैध कच्ची दुकानों को हटाया। इसके अतिरिक्त 28 अवैध रूप से सड़क किनारे लगी 69 फड़-फेरी को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिए है।

## प्रेमी संग मिलकर की पिता की हत्या

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश के हाथरस में प्रेमी के साथ मिलकर अपने पिता की हत्या करने वाली नाबालिग लड़की और उसके प्रेमी को पुलिस ने हरिद्वार में गिरफ्तार कर लिया है। हाथरस पुलिस टीम के पहुंचने के बाद दोनों का ट्रांजिट रिमांड लिया गया।

जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के हाथरस के नगला अलीगढ़ अलगजी गांव निवासी प्राइमरी के सहायक अध्यापक दुर्गेशकांत उम्र 47 वर्ष ने अपनी नाबालिग पुत्री को उसके प्रेमी संग घर पर देख लिया था। जिसके बाद पिता ने डांटा तो डांट नाबालिग पुत्री को बर्दाश्त नहीं हुई। बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर चाकू से हमला कर पिता की हत्या कर दी।

# सितंबर तक 50 प्रतिशत पूंजीगत परिव्यय के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अपर मुख्य सचिव वित्त आनंदवर्धन ने सभी विभागों को पूंजीगत परिव्यय में वृद्धि के निर्देश देते हुए कहा है कि सभी विभाग सितम्बर माह तक 50 प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करें। पूंजीगत परिव्यय की नियमित समीक्षा की जाएगी।

सचिवालय में पूंजीगत परिव्यय की समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पशुपालन विभाग, राज्य सम्पति विभाग, आपदा प्रबन्धन विभाग, न्याय विभाग, मत्सय पालन विभाग, पंचायती राज विभाग, गन्ना विकास विभाग, राजस्व विभाग, कोषागार, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, वित्त विभाग तथा खाद्य



एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा पुलिस एवं कारागार विभाग के पूंजी परिव्यय तथा पूंजीगत योजनाओं की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों में केन्द्र पोषित योजनाओं (सीएसएस), ईएपी तथा नाबार्ड पोषित योजनाओं के पूंजीगत परिव्यय की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों का अपने बजट प्रावधान के सापेक्ष शून्य प्रतिशत जारी राशि तथा परिव्यय रहा है, उनको शीघ्र पत्र भेजे जाए। उन्होंने सभी विभागों को अपने रिलीज बजट तथा परिव्यय का प्रतिमाह का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित ऑफ रोडर जिम्नी लॉन्च करने की घोषणा की

**देहरादून।** रोमांच और एडवेंचर के एक नए युग की शुरूआत के साथ मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित ऑफ रोडर जिम्नी को 1,274,000 रुपए की कीमत पर लॉन्च करने की घोषणा की है जिम्नी आज से पूरे देश में नेक्सा शोरूम पर डिलीवरी के लिए उपलब्ध होगी अनजान क्षेत्रों में सफर करने और नेवर टर्न बैक भावना को विकसित करने के लिए अटूट प्रतिबद्धता के साथ तैयार की गई यह असाधारण एसयूवी एडवेंचर, मजबूती और बहुमुखी प्रतिभा का एक साथ प्रतिनिधित्व करती है जिम्नी (5-डोर) भावुक और पेशेवर एसयूवी पसंद लोगों को उत्साहित करने के लिए लक्षित है जो ऑटोमैटिक और मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ जेटा और अल्फा वेरिएंट में उपलब्ध होगी नेक्सा की डिजाइन अवधारणा क्राफ्टेड फ्यूचरिज्म को आगे बढ़ाते हुए जिम्नी ने नेक्सा एसयूवी पोर्टफोलियो में एक नए डिजाइन कैरेक्टर को जोड़ा है ये तीन प्रमुख स्तंभों नेक्सप्रेशन, नेक्सटेक और नेक्सपीरियंस को भी और मजबूत बनाने में योगदान करता है।

### आईआईटी मद्रास ने इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स में अपनी पहली बीएस डिग्री के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**देहरादून।** शिक्षा एवं शोध में उत्कृष्टता के लिए मशहूर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी मद्रास (आईआईटी मद्रास) हाल में लॉन्च किए गए इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स में अपने पहले ऑफ-कैंपस बीएस डिग्री प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स, एम्बेडेड प्रोग्रामिंग, डिजिटल सिस्टम्स, और कंट्रोल इंजीनियरिंग पर बल देते हुए यह प्रोग्राम विद्यार्थियों को सीखे गए इंजीनियरिंग सिद्धांतों और ज्ञान का उपयोग एप्लीकेशंस के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं में सुधार लाने के लिए करने में समर्थ बनाएगा। इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जून, 2023 है। यह प्रोग्राम आईआईटी मद्रास का दूसरा बीएस डिग्री कार्यक्रम है, जो देश के सेमीकंडक्टर मिशन के अनुरूप है। उद्योग के नेतृत्वकर्ताओं के परामर्श से तैयार किया गया यह प्रोग्राम पूरा करने के बाद विद्यार्थियों को सिद्धांतों की गहरी समझ और उद्योग के लिए उपयोगी कौशल प्राप्त होता, जिससे नौकरी के लिए उनकी उपयोगिता बढ़ेगी।

# भाजपा पार्षद दल ने ज्ञापन सौंपकर बजट अधिवेशन बुलाने की मांग की

**बजट पारित न होने के चलते यात्रा काल में प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मियों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा पार्षद दल के नेता सुनील अग्रवाल गुड्डू ने गुरुवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर एक सप्ताह के भीतर बोर्ड का बजट अधिवेशन बुलाए जाने की मांग की है। नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए भाजपा पार्षद दल के नेता गुड्डू ने कहा कि अपने पति के दबाव में आकर मेयर अनिता शर्मा ने नगर निगम को अपने पति की



राजनीतिक का अखाड़ा बना दिया है। विकास कार्यों पर ध्यान केन्द्रित करने के स्थान पर मेयर व मेयर पति पार्षदों का अपमान करने में व्यस्त हैं। बजट पारित न होने के चलते विकास कार्य बाधित हो रहे हैं।

भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि बजट पारित न होने के चलते यात्रा काल में प्रत्येक वार्ड में अतिरिक्त सफाई कर्मियों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है न ही कूड़ा निस्तारण के लिए वाहन लिए जा रहे हैं। इसके चलते शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मेयर पति के हस्तक्षेप पर रोक लगाने के लिए भाजपा पार्षद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दे रहे थे वहां भाजपा की महिला पार्षदों के समक्ष मेयरपति ने मयार्दा को तार-तार करने का कार्य करते हुए नगर निगम की गरिमा को गिराने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर मेयर ने बजट अधिवेशन नहीं आहूत किया तो भाजपा पार्षद दल जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मेयर को बर्खास्त करने की मांग करेगा।

## त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पार की सारी सीमाएं : करन माहरा

**देहरादून**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताये जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने इसे भाजपा नेताओं की विक्षिप्त मानसिकता करार दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने तुष्टीकरण की सारी सीमाएं पार करते हुए महात्मा गांधी के हत्यारे को देशभक्त तक कह डाला।

गुरुवार को जारी बयान में करन माहरा ने कहा कि महात्मा गांधी के हत्यारे को देशभक्त कह कर त्रिवेन्द्र सिंह रावत क्या साबित करना चाहते हैं।

# केंद्रीय विद्यालय ग्वालदम में हुई कथा लेखन व कथाकथन प्रतियोगिता

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के थराली विकास खंड के केन्द्रीय विद्यालय ग्वालदम में गुरुवार को जी 20 जनभागीदारी क्रियाकलापों के अंतर्गत कथा लेखन और कथा कथन पर अंतर-सदनीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। केंद्रीय विद्यालय में आयोजित कथा लेखन में प्राथमिक विभाग में यतिका रावत प्रथम, करण द्वितीय और रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कथा कथन प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग में शिवांशी प्रथम, उत्कर्ष द्वितीय, महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय



की प्रभारी प्राचार्या अनीता बिष्ट ने छात्रों, शिक्षकों को जी 20 विषयक जानकारी दी।

# राजकीय कॉलेज में 11 को निरंकारी संत समागम का होगा आयोजन




**समागम में हरिद्वार, देहरादून, गढ़वाल व आसपास के क्षेत्र से बीस हजार संगतों के पहुंचने का अनुमान है**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता की छत्र छाया में निरंकारी संत समागम का आयोजन 11 जून को राजकीय इंटर कॉलेज रानीपोखरी में किया जायेगा। यह जानकारी मंसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि समागम में हरिद्वार, विकासनगर, देहरादून, समस्त गढ़वाल व आसपास के क्षेत्र से लगभग बीस हजार संगतों के पहुंचने का अनुमान है। इस सूचना से समस्त श्रद्धालुओं में हर्षोल्लास का वातावरण है। सभी भक्त इस पावन बेला की तैयारियों में पूरी श्रद्धा से जुटे हुए हैं। सिंह ने कहा कि समागम परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन के सहयोग से प्रबंध व्यवस्था को सुचारू रूप दिया जा रहा है। समागम सम्बन्धित विशेष सेवा जैसे लंगर, प्याऊ, पंडाल, ट्रैफिक एवं पार्किंग की व्यवस्था निरंकारी सेवादल के भाई-बहनों द्वारा बहुत ही सुन्दर रूप से की जा रही है।

## महात्मा नारायण स्वामी वैदिक पाठशाला का उद्घाटन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर स्थित वानप्रस्थ आश्रम में गुरुवार को महात्मा नारायण स्वामी वैदिक पाठशाला का आश्रम के प्रधान डॉ राम कृष्ण शास्त्री ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी यूनियन मधुसूदन आर्य ने कहा कि संस्कृत भाषा विश्व के समस्त भाषाओं की जननी है। अन्य समस्त भाषाओं में संस्कृत के साथ देखे जा सकते हैं। शैलबाला दीदी ने कहा कि संस्कृत व्याकरण प्रत्यय है। महर्षि पाणिनि व्याकरण के लगभग 4000 सूत्र संपूर्ण व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि पतंजलि महाभाष्य इन सूत्रों की व्याख्या करते हैं देसी विदेशी अन्य किसी को भी भाषा में व्याकरण की संपूर्णता नहीं मिलती है ।

# देहरादूनः भारतीय सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड का किया गया आयोजन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में गुरुवार को पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। परेड में लेफ्टिनेंट जनरल विजय कुमार मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने परेड की सलामी ली।उन्होंने सभी जेंटलमैन कैडेटों को बेदाग टर्नआउट और उत्कृष्ट ड्रिल मूवमेंट के लिए बधाई दी।

लेफ्टिनेंट जनरल विजय कुमार मिश्रा ने कहा कि हमेशा याद रखें कि आपके कार्य और निर्णय सीधे आपके अधीन लोगों के जीवन को प्रभावित करेंगे। सहानुभूति दिखाएं, विश्वास को प्रेरित करें और अपने अधीनस्थों के बीच सौहार्द की भावना को बढ़ावा दें। जितना आप सोचते हैं उससे कहीं अधिक बार आपके नैतिक साहस की परीक्षा होगी। जैसे-जैसे आप जीवन में आगे बढ़ेंगे, वैसे-वैसे प्रलोभन और गुमराह करने के अवसर आपको



रास्ते में मिलेंगे, लेकिन मजबूत चरित्र वाला एक सच्चा नेता हमेशा धैर्य दिखाएगा और सही रास्ते पर डटा रहेगा। उन्होंने कहा कि यहां भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षण ने आपको नुकसान के रास्ते में प्रवेश करने और उच्चतम संभावित दक्षता के साथ शारीरिक और मानसिक रूप से कठिन कार्यों को पूरा करने के लिए सुसज्जित किया है। आपको 'शस्त्र' के उपयोग में कुशल बनाया है, यानी, हथियार और सैन्य रणनीति के उपयोग में, आपको 'शास्त्र' का ज्ञान और ज्ञान भी दिया है। अपने निर्णयों और कार्यों को हमेशा एक न्यायपूर्ण और नेक उद्देश्य के लिए होने दें। मुझे विश्वास है कि बुलाए जाने पर आप लड़ाई में सामने से डटकर नेतृत्व करेंगे, साथ ही आप आंतरिक संकट और आपदा के समय में मानवीय और करुणामय होंगे।

**निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान किए**
पीओसी के सर्विस सब्जेक्ट्स में सर्वश्रेष्ठ खड़े जेंटलमैन कैडेट के लिए ब्रिगेड ऑफ गाड्र्स मेडल बीयूओ दपिंदरदीप सिंह गिल को मिला, जबकि पीओसी की शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जेंटलमैन कैडेट के लिए राजपूत रेजीमेंट सिल्वर मेडल जीसी अनुज सिंह कुशवाह को दिया गया। पीओसी के ओक्यू में सर्वश्रेष्ठ खड़े जेंटलमेन कैडेट के लिए जाट रेजीमेंट सिल्वर मेडल एसयूओ अभिमन्यु सिंह को तथा सेवा विषयों में सर्वश्रेष्ठ खड़े जेंटलमैन कैडेट के लिए प्रेरणा ट्रॉफी एसयूओ नितेश रावत को प्रदान की गई।

इसी प्रकार हरफनमौला एफजीसी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जेंटलमैन कैडेट के लिए बांग्लादेश ट्रॉफी जीसी किंगा लेंडुप (भूटान) को प्रदान की गई। इंटर कॉय चैंपियनशिप में कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रहने के लिए कोहिमा कंपनी को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर से सम्मानित किया गया। इस परेड में करियप्पा बटालियन को ओवरऑल फर्स्ट इंटर बटालियन चैंपियनशिप में खड़े होने के लिए कमांडेंट का बैनर प्रदान किया गया। जनरल ऑफिसर ने मित्र देशों के 42 जेंटलमैन कैडेटों को प्रशिक्षण के कठोर नियमों को पूरा करने, उत्कृष्ट परिवर्तन का प्रदर्शन करने और सबसे कुशल अधिकारियों के रूप में अपनी-अपनी सेनाओं में रैंक देने के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए बधाई दी।

## एक और भारतीय क्रिकेटर ने की शादी

**कोची।** एक और भारतीय क्रिकेटर घोड़ी चढ़ गए हैं। जी हां...टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी गर्लफ्रेंड रचना कृष्णा से शादी कर ली है। उनकी शादी व हल्दी रस्म की तस्वीरें भी





अब सामने आ चुकी हैं। बता दें कि इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में रुतुराज गायकवाड़ ने शादी की थी। वहीं अब कृष्णा की शादी की जो पहली तस्वीर सामने आई है, उसमें वह पत्नी को मंगलसूत्र डालते नजर आ रहे हैं। कृष्णा ट्रेडिशनल अंदाज में दिखाई दिए तो वहीं कृष्णा के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दे रही है। इसके अलावा जो दो तस्वीरें सामने आई हैं, उसमें एक में वो अपनी मंगेतर के गले में हाथ डालकर बैठे हुए हैं तो दूसरी तस्वीर में वो अपनी मंगेतर के साथ विपरीत दिशा में बैठे हैं और दोनों ही हल्दी से रंगे हुए हैं।

## ट्रैविस हेड ने जड़ा तूफानी शतक, रचा इतिहास, फीके पड़े भारतीय गेंदबाज

**लंदन।** विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मैच में भारतीय गेंदबाजों ने 76 रनों पर 3 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर लाया। हालांकि, इसके बाद स्टीव स्मिथ व ट्रैविस हैड की 200 से ज्यादा की साझेदारी ने भारतीय गेंदबाजों को विकेट लेने के लिए तरसा दिया। हेड ने महज 106 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का छठा शतक भी रहा। इसी के साथ हेड ने नया इतिहास रच दिया। दरअसल, हेड विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले केवल दो बल्लेबाज 2021 में डब्ल्यूटीसी के उद्घाटन संस्करण के फाइनल में पचास रन के आंकड़े से आगे निकल गए थे, जहां भारत न्यूजीलैंड से हार गया था। डेवोन कॉनवे ने पहली पारी में अर्धशतक लगाया जबकि दूसरी पारी में केन विलियमसन ने अर्धशतक लगाया था। डब्ल्यूटीसी फाइनल में अजिंक्य रहाणे ने पहली पारी में भारत के लिए सर्वाधिक 49 रन बनाए थे। यह ट्रैविस हेड का भारत के खिलाफ पहला टेस्ट शतक और इंग्लैंड में (और घर से दूर) पहला टेस्ट शतक भी रहा। इसी के साथ उन्होंने आगामी एशेज सीरीज से पहले अपने इरादों का संकेत भी दे दिया। हेड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के चल रहे चक्र में ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों में से एक रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए मध्य क्रम में एक आक्रामक भूमिका निभाते हुए, हेड ने 2022 में 2 शतक और 3 अर्द्धशतक लगाए। उन्होंने पिछले साल 10 टेस्ट में 655 रन बनाए थे।

## हेडन-पोंटिंग ने अश्विन को बाहर करने के भारत के फैसले की आलोचना की

**लंदन ।** ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मैथ्यू हेडन और रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए प्रमुख ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को बाहर करने के भारत के फैसले की आलोचना की है। अश्विन जो टेस्ट क्रिकेट में नंबर 1 गेंदबाज हैं और 2021-23 डब्ल्यूटीसी चक्र में भारत के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, को रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने चार तेज गेंदबाजों को शामिल करते हुए उनकी जगह जडेजा को चुना। हेडन ने पहले दिन की समाप्ति के बाद आईसीसी से कहा, 'मुझे लगता है कि रविचंद्रन अश्विन महत्वपूर्ण कारक है, टेस्ट चक्र में अग्रणी विकेट लेने वाला नहीं है। टीम इंडिया के परिप्रेक्ष्य में विचार करने लायक कुछ कारक हैं।' अश्विन की अनुपस्थिति में, बाएं हाथ के गेंदबाज रवींद्र जडेजा अंतिम एकादश में एकमात्र स्पिनर हैं और ट्रैविस हेड (146 बल्लेबाजी) और स्टीव स्मिथ (95 बल्लेबाजी) के बीच 251 रन की साझेदारी को तोड़ने के लिए भारत संघर्ष कर रहा था। हेड के धमाकेदार शतक और स्मिथ के दृढ़ प्रदर्शन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया ने बोर्ड पर 327/3 के साथ पहले दिन को समाप्त किया। विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने अश्विन को बाहर करने को एक 'गलती' करार दिया। पोंटिंग ने कहा, 'अब तक ऐसा लगता है कि चार तेज गेंदबाजों को खिलाकर यह उनकी गलती थी, लेकिन हम देखेंगे कि खेल का क्या परिणाम होता है।' उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे यह खेल आगे बढ़ रहा है, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि टर्न होने वाला है।

## नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे नीरज चोपड़ा : अविनाश साबले

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एथलीट नीरज चोपड़ा और स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले 15 जून से 19 जून तक ओडिशा के भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होने वाली नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में हिस्सा नहीं लेंगे। नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 62वां संस्करण आगामी एशियाई खेलों के लिए चयन ट्रायल के रूप में काम करेगा, जो 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांग्जो में आयोजित किया जाएगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने नीरज चोपड़ा और अविनाश साबले को ब्लॉकबस्टर इवेंट्स में उनकी हाल की सफलताओं के आधार पर छूट दी है। दो एथलीटों को छोड़कर, शेष सभी भारतीय एथलीट एशियाई खेलों के लिए टीम में अपनी जगह बनाना चाह रहे हैं। एएफआई के अनुसार, उन्हें



अंतर-राज्य मीट में प्रतिस्पर्धा करनी होगी। फिलहाल नीरज चोपड़ा तुर्की में ट्रेनिंग कर रहे हैं तो वहीं अविनाश साबले अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स में अपने सीजन की तैयारी कर रहे हैं। दोनों ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पहले ही कट बना लिया है, जो अगले महीने हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित किया जाएगा। अन्य भारतीय एथलीट जो विदेशों में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, उनमें मुरली श्रीशंकर, अनु रानी और ज्योति याराजी शामिल हैं, जिन्हें अंतर-राज्य मीट से छूट नहीं दी गई है। जकार्ता में 2018 संस्करण में स्वर्ण जीतने के बाद नीरज एशियाई खेलों में गत चैंपियन के रूप में वापसी करेंगे। अविनाश ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में ऐतिहासिक 3000 मीटर स्टीपलचेज सिल्वर जीता और वह एशियाई खेलों में पदार्पण करेंगे। नीरज, टोक्यो 2020 ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन, ने 88.67 मीटर के उल्लेखनीय प्रयास के साथ दोहा डायमंड लीग जीतकर अपने 2023 सीज़न की शुरुआत की थी। राष्ट्रीय भाला फेंक रिकॉर्ड धारक नीरज 4 जून को नीदरलैंड में एफबीके खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार थे, लेकिन बाद में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उन्होंने प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया। 25 वर्षीय एथलीट 13 जून को फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों में भाग लेने वाले हैं।

## फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर ज्वेरेव

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन 2023 के क्वार्टरफाइनल में मुकाबले में बुधवार को 22वीं वरीयता वाले जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव जूनियर ने अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। ज्वेरेव ने एचेवेरी को 6-4, 3-6, 6-3 और 6-4 से पटखनी दी है। इस जीत के साथ ज्वेरेव लगातार तीसरी बार रोलैंड-गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जहां उनका मुकाबला होल्गर रून और कैस्पर रूड के बीच आज रात होने वाले मैच के विजेता से होगा। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल के लिए दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और 22 बार ग्रैंडस्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच आमने-सामने होंगे। अल्कारेज और जोकोविच के बीच का मुकाबला सिर्फ मैच जितने तक ही सीमित नहीं होगा। बल्कि उनके बीच का संघर्ष नंबर एक कुर्सी के लिए भी होगा। अगर अल्कारेज सेमीफाइनल मैच जीतकर अपने दूसरे ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंच जाते हैं तो वो वर्ल्ड टेनिस रैंकिंग में नंबर एक का रुतबा भी कायम रखने में सफल रहेंगे। वहीं यदि जोकोविच तीसरी बार फ्रेंच ओपन खिताब जीतने में सफल रहते हैं तो वो फिर से नंबर एक की कुर्सी पर काबिज हो जाएंगे।



## इंटर मियामी ने अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी के साथ किया करार

**मियामी।** मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी ने अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी के साथ करार किया है। क्लब ने सोशल मीडिया पर 32 सेकेंड के वीडियो के जरिये मेसी के साथ करार की पुष्टि की। क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कहा, सोमवार, 5 जून को, खिलाड़ी के पिता और प्रतिनिधि, जोर्ज मेस्सी ने क्लब के अध्यक्ष जोन लापोर्टा को इंटर मियामी में शामिल होने के खिलाड़ी के फैसले के बारे में सूचित किया।

बयान में आगे कहा गया, अध्यक्ष लापोर्टा ने मेसी के फैसले को समझा और उसका सम्मान किया कि वह कम मांगों के साथ लीग में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं और सुर्खियों से दूर रहना चाहते हैं। हाल के वर्षों में उनके ऊपर काफी दबाव रहा है। सात बार के बैलन डी' ओर विजेता मेसी ने इस सीजन में 32 लीग गेम्स में 16 असिस्ट के साथ सीजन का अंत किया और नेमार जूनियर (11 असिस्ट) और ओलम्पिक डी मार्सिले के जोनाथन क्लॉस (11 असिस्ट) से आगे निकल गए। पिछले हफ्ते मेसी ने स्ट्रासबर्ग के खिलाफ लीग 1 मैच में रविवार को एक और रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने मैच में अपना 496वां गोल किया और शीर्ष पांच यूरोपीय लीग में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। फुटबॉल क्लब, पेरिस सेंट-जर्मेन ने रिकॉर्ड 11वीं बार फ्रेंच लीग 1 खिताब जीता। फीफा विश्व कप 2022 के विजेता, लियोनेल मेसी ने 59वें मिनट में अपनी टीम पेरिस सेंट-जर्मेन के लिए मैच का पहला गोल किया। बाद में 79 वें मिनट में, केविन गेमिरो ने स्ट्रासबर्ग के लिए गोल किया और मैच 1-1 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ। लीग 1 में, पेरिस सेंट-जर्मेन ने 37 मैच खेले हैं जिनमें से उन्होंने 27 जीते हैं, छह हारे हैं और चार ड्रॉ रहे हैं। स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल प्रतियोगिता में लियोनेल मेसी ने 520 मैचों में 474 गोल किए



हैं। फ्रेंच लीग 1 में मेसी ने 57 मैचों में 22 गोल किए हैं। फुटबॉल क्लब बार्सिलोना के लिए खेलते हुए 35 वर्षीय मेसी ने 778 खेलों में 672 गोल किए हैं। पेरिस सेंट-जर्मेन के लिए खेलते हुए उन्होंने 74 मैचों में 32 गोल किए हैं।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग: नीदरलैंड ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 4-1 से हराया

**आइंडहोवन।** मेजबान नीदरलैंड ने यहां चल रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 में भारतीय पुरुष



हॉकी टीम को 4-1 से हरा दिया। मैच में जहां हरमनप्रीत सिंह (11') ने भारत के लिए एकमात्र गोल किया, वहीं पेपिजन रेयेंगा (17'), बोरिस बर्कहार्ट (40') और डुको टेलजेनकैंप (41', 58') ने घरेलू टीम के लिए गोल किए। पिछले सप्ताहांत में लंदन में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आइंडहोवन में पहले क्वार्टर में हरमनप्रीत सिंह के गोल की बदौलत 1-0 की शुरुआती बढ़त बना ली थी। हालांकि टीम इस बढ़त का फायदा नहीं उठा सकी।

भारत को 11वें मिनट में पेनल्टीकार्न मिला और फॉर्म में चल रहे हरमनप्रीत ने इसे गोल में बदलकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। इस सीजन में हरमनप्रीत का यह 17वां गोल था।

मैच के 17वें मिनट में युवा पेपिजन रेयेंगा ने गोल कर नीदरलैंड को 1-1 की बराबरी दिला दी। मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। मध्यांतर के बाद नीदरलैंड ने आक्रामक रुख अपनाया और 40वें मिनट में बोरिस बर्कहार्ट और 41वें मिनट में डुको टेलजेनकैंप ने दो लगातार गोल कर अपनी टीम को 3-1 से आगे कर दिया। मैच खत्म होने से 2 मिनट पहले 58वें मिनट में टेलजेनकैंप ने मैच में अपना दूसरा गोल करते हुए नीदरलैंड की बढ़त 4-1 कर दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## 66वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता: पदक तालिका में केरल का दबदबा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के दो शहर भोपाल और ग्वालियर में आयोजित हो रही 66वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता की पदक तालिका में केरल का दबदबा रहा। केरल प्रथम, हरियाणा द्वितीय और पश्चिम बंगाल तृतीय स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश को एक स्वर्ण एवं एक रजत पदक प्राप्त हुआ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल की नुपुर पांडे ने ट्रिपल जंप में स्वर्ण पदक और कर्नाटक की लक्ष्या ने रजत पदक प्राप्त किया। डिस्कस-थ्रो बालिका वर्ग में पंजाब की अर्शदीप कौर ने स्वर्ण पदक और राजस्थान की नीतू कुमारी ने रजत पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 400 मीटर रिले दौड़ में पश्चिम बंगाल ने प्रथम स्थान और केरल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग 400 मीटर रिले दौड़ में केरल प्रथम एवं राजस्थान दूसरे स्थान पर रहा। डिस्कस-थ्रो बालक वर्ग में हरियाणा के अतुल कुमार ने स्वर्ण पदक और राजस्थान के सुमित ने रजत पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में हरियाणा के बलजीत सिंह ने स्वर्ण और राजस्थान के नरेश चौपड़ा ने रजत पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में उत्तर प्रदेश की विनीता गुर्जर ने प्रथम एवं गीतिका दहिया ने रजत पदक प्राप्त किया। पोल वाल्ट की प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश का दबदबा रहा। बालिका वर्ग में निकिता एवं भव्या शर्मा ने क्रमशः स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किया। ट्रिपल जंप बालक वर्ग में पश्चिम बंगाल के अरित्रा सरदार ने रिकॉर्ड समय निकालते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। केरल के मोहम्मद मोहसेन द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में केरल की मेघा ने 12 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। दिल्ली की ऋतु ने 12.5 सेकंड समय निकाल कर रजत पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग में महाराष्ट्र के हर्ष रावत ने 10.5 सेकंड समय निकाल कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। दिल्ली के अजीत ने 11.4 सेकंड के साथ रजत पदक प्राप्त किया। शॉट पुट बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश के देवेंद्र पांडे ने स्वर्ण पदक एवं उत्तर प्रदेश के ही अनुज कुमार ने रजत पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में केरल के अभिराम पी ने 49 सेकंड समय निकाल कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आंध्र प्रदेश के शेट्टी रोहित ने रजत पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग में महाराष्ट्र की श्रावणी सांगले ने 56 सेकेंड समय निकाल कर स्वर्ण पदक एवं केरल की सौंदर्य मॉल साबु ने रजत पदक प्राप्त किया।

## मुंबई सिटी एफसी ने विक्रम प्रताप सिंह के साथ तीन साल का अनुबंध विस्तार किया

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने भारतीय फुटबॉलर विक्रम प्रताप सिंह के साथ तीन साल का अनुबंध विस्तार किया है। विक्रम अब मई 2026 तक क्लब में बने रहेंगे। 21 वर्षीय विक्रम ने पिछले सीज़न में मुंबई सिटी के अत्यधिक सफल आईएसएल लीग शील्ड-विजेता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विक्रम ने 2022-23 के अभियान में 5 गोल किए, जिसमें लीग में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ अंतिम मिनटों में एक महत्वपूर्ण गोल भी शामिल था। चंडीगढ़ में जन्मे विक्रम ने चंडीगढ़ फुटबॉल अकादमी में अपने खेल की शुरुआत की। 2018 में सीनियर फुटबॉल में जाने से पहले, उन्होंने भारतीय एरोज के लिए खेला और टीम की कप्तानी भी की। विक्रम ने देश के सबसे होनहार युवा फुटबॉलरों में से एक के रूप में ख्याति प्राप्त की है, उन्होंने दो सत्रों के दौरान भारतीय एरोज के लिए 27 मैचों में पांच गोल किये। विक्रम ने 2020-21 सीज़न से पहले केवल 18 साल की उम्र में मुंबई सिटी एफसी में कदम रखा।

विक्रम ने 2018 एएफसी अंडर-16 चैंपियनशिप में भारत के प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जिसके बाद उन्हें भारतीय राष्ट्रीय टीम में अंडर-16, अंडर-17 और अंडर-20 स्तरों पर शामिल किया गया। 21 वर्षीय को सीनियर टीम में भी बुलाया गया है, लेकिन उन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण



नहीं किया है। मुंबई के साथ अपने करार विस्तार पर विक्रम ने कहा, मैं मुंबई के साथ अपनी यात्रा जारी रखने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। पिछले तीन वर्षों में, मैं एक फुटबॉलर के रूप में विकसित हुआ हूं, जीवन के कई मूल्यवान सबक सीखे हैं और एक युवा खिलाड़ी के रूप में, मैं और अधिक नहीं मांग सकता था। मुझे बकिंघम जैसे किसी व्यक्ति के अधीन काम करने का सौभाग्य मिला और देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का समर्थन भी मिला। मुझे अभी भी बहुत कुछ सीखना है, बहुत कुछ साबित करना है और मुंबई सिटी के लिए तीन और साल समर्पित करना मेरे लिए एक आसान निर्णय था। मैं विकास करना चाहता हूं, अपनी टीम में और अधिक योगदान देना चाहता हूं और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि क्लब और हमारे प्रशंसकों के लिए और अधिक खिताब जीतना चाहता हूं।

मुख्य कोच डेस बकिंघम ने कहा, 'विक्रम को अगले तीन सीज़न के लिए सुरक्षित करना क्लब के लिए अद्भुत है और सर्वश्रेष्ठ युवा भारतीय खिलाड़ियों को विकसित करने का हमारा एक प्रमुख उद्देश्य है। पिछले दो सीजन में विक्रम ने जिस तरह की सीख और समझ का प्रदर्शन किया है और खेलों में जो प्रभाव दिखाया है, वह इसमें शामिल सभी लोगों के लिए एक रोमांचक संभावना है। मुझे इस तरह के एक गतिशील खिलाड़ी को प्रशिक्षित करने की क्षमता जारी रखने में बहुत खुशी है जो निस्संदेह हमारी टीम का अल्पकालिक और अब दीर्घकालिक दोनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

## आईओसी ने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के ओलंपिक दर्जे को खत्म करने का किया फैसला

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओसी) ने आखिरकार अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के ओलंपिक दर्जे को खत्म करने का निर्णय लिया है। हालांकि मुक्केबाजी अभी भी 2024 पेरिस खेलों के कार्यक्रम में बना रहेगा। आईओसी ने कहा कि उसके कार्यकारी बोर्ड ने 22 जून को एक विशेष बैठक में आईबीए की मान्यता को वापस लेने का निर्णय लिया है।

**ने गौशालाओं का किया निरीक्षण**

आईओसी ने आईबीए के संचालन, वित्तीय पारदर्शिता, स्थिरता और रैफरियों और जजों की अखंडता प्रक्रिया संबंधित चिंताओं के कारण 2019 में आईबीए की मान्यता को पहले ही निलंबित कर दिया था। ओलंपिक



निकाय ने 2021 में आयोजित टोक्यो ओलंपिक में मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं की देखरेख की और पेरिस के लिए फिर से ऐसा करेगा। आईओसी के एक बयान में कहा गया है कि बॉक्सिंग निकाय आईबीए की मान्यता के निलंबन को हटाने के लिए आईओसी द्वारा निर्धारित शर्तों को पूरा करने में विफल रहा है। आईओसी ने जोर देकर कहा है कि उसे मुक्केबाजी और मुक्केबाजों के साथ कोई समस्या नहीं है, उसे परेशानी केवल आईबीए के साथ है, जिसका नेतृत्व अब रूस के निर्वाचित अध्यक्ष उमर क्रेमलेव कर रहे हैं। वहीं, आईबीए के रूसी अध्यक्ष उमर क्रेमलेव ने एक बयान में कहा, अब हमारे पास एक सक्षम अदालत से निष्पक्ष मूल्यांकन की मांग करने के अलावा कोई मौका नहीं बचा है। आईओसी-आईबीए गतिरोध ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में मुक्केबाजी की जगह को भी खतरे में डाल दिया है। हालांकि आईबीए अभी भी अपने स्वयं के कार्यक्रमों का आयोजन जारी रख सकता है और पिछले महीने उज्बेक राजधानी ताशकंद में पुरुषों की विश्व चैंपियनशिप आयोजित कर सकता है।

## विश्व कप फाइनल में पहुंचने पर ही अहमदाबाद में खेलेगा पाकिस्तान

**कराची ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजम सेठी ने आईसीसी के चेयरमैन ग्रेग बार्कले को विश्व कप के दौरान अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ खेलने को लेकर अपनी आशंकाओं से अवगत करा दिया है । सूत्रों ने यह जानकारी दी । पीसीबी अपने मैच कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरू में खेलना चाहता है । बार्कले और आईसीसी महाप्रबंधक ज्योफ अलार्डिस हाल ही में पीसीबी अधिकारियों से यह आश्वासन लेने आये थे कि वे वनडे विश्व कप में अपने मैच अन्य स्थान पर कराने की मांग नहीं करेंगे चूंकि एसीसी 'हाइब्रिड मॉडल' पर एशिया कप के मैचों की मेजबानी की उनकी मांग ठुकराने जा रहा है । पीसीबी सूत्रों के अनुसार ,'' सेठी ने बार्कले और अलार्डिस को सूचित कर दिया है कि पाकिस्तान अहमदाबाद में मैच नहीं खेलना चाहता जब तक कि यह नॉकआउट या फाइनल जैसा मैच ना हो ।' उन्होंने कहा ,'' उन्होंने आईसीसी से अनुरोध किया है कि



अगर पाकिस्तान सरकार भारत जाकर विश्व कप खेलने की अनुमति देती है तो पाकिस्तान के मैच चेन्नई, बेंगलुरु और कोलकाता में कराये जाएं ।' पाकिस्तान बोर्ड अहमदाबाद में टीम की सुरक्षा को लेकर चिंतित है हालांकि इंजमाम उल हक की कप्तानी में 2005 में पाकिस्तानी टीम ने मोटेरा पर मैच खेला था । सेठी ने यह भी कहा है कि अगले पांच साल के चक्र के लिये आईसीसी के राजस्व में अगर पाकिस्तान का हिस्सा बढ़ाया नहीं जाता तो वे नये राजस्व मॉडल को स्वीकार नहीं करेंगे ।

